हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
19 मार्च 2024, समय 1305

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने लोक सेवा अधिकारियों से कुशल और स्मार्ट प्रशासन के लिए कृत्रिम मेधा, ब्लॉकचेन और बिग डाटा एनालेटिक्स जैसी आधुनिक प्रौद्योगिकी का उपयोग करने का आह्वान किया है।

राष्ट्रपति ने कहा कि नए-नए विचारों और नई प्रौद्योगिकी के साथ समृद्ध और विविधतापूर्ण अनुभव ऐसे प्रभावशाली परिवर्तन ला सकते हैं जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती। उन्होंने कल राष्ट्रपति भवन में राज्य लोक सेवा अधिकारियों से यह बात कही। यह अधिकारी मैसूर की लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी में 125वें प्रवेश प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं।

राष्ट्रपति ने अधिकारियों को कोई भी विकास कार्य करते समय सतत और समावेशी दृष्टिकोण को ध्यान में रख कर काम करने का आहवान भी किया। श्रीमती मुर्मू ने कहा कि दुनिया इस समय जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग के खतरों का सामना कर रही है। इसलिए यह आवश्यक है कि अधिकारी पर्यावरण अनुकूल परिपाटियों को अपनाने और सतत दृष्टिकोण को प्रोत्साहन देने के लिए नूतन उपाय करें।

....

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज पंचकूला के श्रीनाडा साहिब गुरूद्वारे में जाकर माथा टेका और प्रदेश की समृद्धि के लिए अरदास की।

गुरूद्वारे में माथा टेकने के बाद मुख्यमंत्री ने लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियान की शुरूआत की। मीडिया से बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार में लोगों को बिना पर्ची व खर्ची के नौकरियां मिली है और सरकार ने सबको साथ लेकर प्रदेश का विकास किया है।

इसके अलावा मुख्यमंत्री ने आज अंबाला शहर और अंबाला छावनी का दौरा भी किया। अंबाला शहर में अपने संबोधन में उन्होंने लोकसभा चुनाव को लेकर चर्चा की। अंबाला छावनी में पूर्व गृह मंत्री अनिल विज एवं कार्यकर्ताओं में उनका जोरदार स्वागत किया।

श्री विज ने कहा कि पार्टी ने लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार शुरू कर दिया है और किसी भी सीट को लकर कोई उलझन नहीं हैं। हर जगह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही चुनाव लड़ रहे है।

....

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मंत्रिमंडल के विस्तार को लकर शीष नेतृत्व से चर्चा की है।

मिली जानकारी के अनुसार आज मंत्रिमंडल का विस्तार किया जायेगा। मंत्रिमंडल में शामिल किये जाने वाले नये मंत्रियों का शपथ समारोह शाम साढे 4 बजे चंडीगढ़ स्थित हरियाणा राजभवन में आयोजित किया जायेगा।

राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय, मंत्रिमंडल में शामिल किये जाने वाले नये मंत्रियों को शपथ दिलायेंगे।

....

जींद जिले के निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा लोकसभा चुनाव को पूरी पारदर्शिता और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाने के लिए सभी तैयारियां पूरी की जा रही हैं।

उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा लोगों की सुविधा के लिए हैल्पलाईन नंबर-1950 जारी किया गया है। अगर किसी मतदाता को चुनाव से संबंधित कोई भी जानकारी लेनी है या देनी है तो वह हैल्पलाईन नंबर-1950 पर कॉल कर सकता है।

....

कैथल में किसान आंदोलन के चलते बंद किए गए टटियाणा बार्डर पर स्थित घग्गर पुल को आज 38 दिनों के बाद खोल दिया गया है।

हमारे संवाददाता ललित कुमार ने बताया कि घग्गर नदी पर पुल को खोलने का कार्य कल शाम शुरू कर दिय गया और आज बॉर्डर पूर्ण रूप से खुल गया है। बार्डर खुलने के बाद अब परिवहन विभाग की बसें भी चलना शुरू हो जाएंगी। बार्डर खुलवाने के लिए घग्गर नदी पर पहुंचे गुहला हलका के विधायक ईश्वर सिंह ने बताया कि इस मार्ग को खुलवाने के लिए उन्होंने प्रदेश के गृह सचिव व पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर से बात की थी और जनता को आ रही परेशानियों से अवगत करवाया था।

विधायक ने बताया कि बार्डर बंद होने से जहां वाहन चालकों को परेशानी हो रही थी वहीं इलाज के लिए पटियाला व चंडीगढ़ जाने वाले लोगों को भी दिक्कत पेश आ रही थी। इसके अलावा बार्डर बंद होने से चीका में व्यापार भी प्रभावित हो रहा था।

....

pपलवल अनाज मंडी में सरसों की आवक शुरू हो गई है। मंडी में आढ़तियों द्वारा अभी तक 5 हजार 386 क्विंटल सरसों की खरीद की जा चुकी है।
मंडी सचिव मनदीप सिंह राणा ने आज बताया कि सरसों की सरकारी खरीद पहली अप्रैल से शुरू की जाएगी। सरसों की खरीद को लेकर सभी तैयारियों पूरी कर ली गई है। सफाई व्यवस्था को दुरूस्त करने के लिए निर्देश जारी कर दिए गए है। पीने के पानी की भी उचित व्यवस्था की गई है।

....

साइबर पुलिस स्टेशन की टीम ने इंग्लैंड से पार्सल भेजने के नाम पर एक युवती से 3 लाख 30 हजार रूपए की ठगी करने वाले 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। न्यायालय द्वारा दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।
मूलरूप से उत्तरप्रदेश निवासी और फिलहाल रोहतक में किराए के मकान में रहने वाली इस लड़की ने फेसबुक अकाउंट से एक विज्ञापन क्लिक किया था और करीब एक घंटे बाद साइबर ठग सक्रिय हो गये।
पुलिस स्टेशन के प्रभारी इंस्पेक्टर महेश कुमार ने बताया कि जांच के बाद इस संबंध में गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान बिहार के मोतीहारी जिला के सरफराज आलम और हसरत रजा के तौर पर हुई है।

....